दिनांकः 16.06.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- गृहमंत्री अमित शाह जम्मू–कश्मीर की सुरक्षा स्थिति और अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की आज समीक्षा बैठक करेंगे।
- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज संसद भवन परिसर में नवनिर्मित प्रेरणा–स्थल का उद्घाटन करेंगे।
- राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत प्रदेश में अब 30 जून को पिलाई जाएगी पोलियो की दवा।
- राज्य में विभिन्न स्थानों पर प्री–मॉनसून गतिविधियां शुरू–कोटा, उदयपुर और अजमेर संभाग में आज कहीं–कहीं बारिश की संभावना।

....................

गृहमंत्री अमित शाह आज एक उच्चस्तरीय बैठक में जम्मू–कश्मीर की सुरक्षा स्थिति और अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। बैठक में, जम्मू–कश्मीर के उप–राज्यपाल मनोज सिन्हा, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, केन्द्रीय गृह सचिव और सेना, पुलिस तथा जम्मू–कश्मीर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। श्री शाह ने शुक्रवार को भी नई दिल्ली में जम्मू–कश्मीर की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की थी।

....................

उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ आज संसद भवन परिसर में नवनिर्मित प्रेरणा–स्थल का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह और संसदीय कार्य मंत्री किरेण रिजिजू भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के लिए लोकसभा और राज्यसभा के सभी सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। प्रेरणा–स्थल का निर्माण, महान नेताओं और स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं पर एक ही स्थान पर श्रद्धाजंलि अर्पित करने के लिए किया गया है।

....................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज ब्यावर के दौरे पर रहेंगे। वे आशापुरा धाम माता मंदिर में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में शिरकत करेंगे। उनका वहां आमसभा को संबोधित करने का भी कार्यक्रम है। इससे पहले कल ब्यावर जिला कलेक्टर उत्सव कौशल और पुलिस अधीक्षक नरेंद्र कुमार ने मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर कार्यक्रम स्थल और हेलीपैड का जायजा लिया। उन्होंने सभी आवश्यक तैयारियों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

....................

शिक्षा और पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर और पशुपालन, डेयरी तथा देवस्थान विभाग मंत्री जोराराम कुमावत आज पाली जिले के दौरे पर रहेंगे। वे बालराई गांव में सरकारी स्कूल का उदघाटन करेंगे। इसके बाद वे सोनाई मांजी के सरकारी स्कूल में किये गये नवाचार का अवलोकन भी करेंगे। उनका जिला स्तरीय शिक्षा और पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों के साथ संवाद का कार्यक्रम है।

....................

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु मंत्री भूपेंद्र यादव ने ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत हर परिवार से पौधा लगाकर अभियान को सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने कल खेरथल–तिजारा जिले के भिवाड़ी में जिला अधिकारियों की बैठक में अभियान के बारे में चर्चा की। श्री यादव ने कहा कि पेड़ लगाने के साथ–साथ उसकी देखभाल करना भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में स्वयं सहायता समूह महिलाओं के लिए केंद्र सरकार की योजना लखपति दीदी के सफल क्रियान्वयन के भी निर्देश दिए।

....................

आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में तीन नये आपराधिक कानूनों के बारे में जागरुकता लाने के उद्देश्य से श्रृंखला चलायी जा रही है। इसके तहत आज हम आपको नये आपराधिक कानूनों में एसिड हमलों से संबंधित किये गये कानूनी प्रावधानों के बारे में बताने जा रहे हैं। एसिड हमलों से संबंधित अपराधों में कम से कम दस वर्ष और अधिकतम आजीवन कारावास की सज़ा दी जा सकेगी। साथ ही जुर्माना भी लगाया जा सकता है। इसी तरह किसी भी व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने के इरादे से एसिड फेंकने के प्रयास पर न्यूनतम पांच साल और अधिकतम सात साल तक की सज़ा और जुर्माने का प्रावधान रखा गया है। एसिड की परिभाषा में ऐसे किसी भी पदार्थ को शामिल किया गया है, जिसकी प्रकृति अम्लीय या जलने की हो और जो शारीरिक चोट पहुंचाने में सक्षम हो।

....................

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत प्रदेश में 30 जून को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। ये अभियान पहले 23 जून को आयोजित होने वाला था। मिशन निदेशक डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि प्रदेश में तेज गर्मी के मद्देनजर और 23 जून को उच्च चिकित्सा शिक्षा में प्रवेश की पीजी–नीट प्रवेश परीक्षा होने के कारण से यह फैसला लिया गया है। उन्होंने बताया कि राज्यभर में 5 वर्ष तक के एक करोड़ से अधिक बच्चों को पल्स पोलियो दवा पिलाने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

....................

आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के जयपुर में होने वाले राज्य स्तरीय समारोह को सफल बनाने के लिए आयुर्वेद विभाग ने आठ टीमों का गठन किया है। हर टीम में पांच सदस्यों को रखा गया है। ये टीमें योग स्थल पर योग से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगी। विभाग के निदेशक डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कल इस संबंध में जयपुर में आयोजन समितियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने तैयारियों की समीक्षा करते हुए समिति प्रभारियों को दिशा निर्देश दिये।

इस बीच, नगर निगम जयपुर ग्रेटर की ओर से चल रहे योग महोत्सव में आज और कल 48 योग संस्थाओं ने एक साथ 1500 मिनट योग करने का लक्ष्य रखा है। इसमें बिना रुके लगातार योगासन किए जाएंगे। ये अभ्यास भट्टारक जी की नसियां स्थित इंद्रलोक सभागार में आयोजित किया जा रहा है। राजस्थान विश्वविद्यालय के गाँधी अध्ययन केन्द्र में कल योग दिवस के महत्त्व पर व्याख्यान आयोजित किया गया। ये व्याख्यान राजस्थान कॉलेज की एनसीसी इकाई के कैडेट्स के लिए रखा गया था। इस अवसर पर केन्द्र के निदेशक मेजर राजेश कुमार शर्मा ने कैडेट्स से योग को अपनी दैनिक जीवनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया।

....................

प्रदेश में आज गंगा दशहरा पर्व धार्मिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। सुबह से ही गंगा माता मंदिरों में अनुष्ठान हो रहे हैं। हमारे भरतपुर संवाददाता ने बताया कि वहां गंगा मंदिर में फूल बंगला झांकी सजाकर आराधना की जा रही है।

--------------

जैसलमेर में गंगा दशहरा पर्व गायत्री जयंती विभिन्न आयोजन हो रहे हैं। गायत्री शक्ति पीठ में गायत्री मंत्र का जाप किया जा रहा है। शाम को दीप यज्ञ का कार्यक्रम होगा।

....................

चित्तौड़गढ़ जिले के निम्बाहेडा में कल रात सुपर फास्ट ट्रेन की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार ये हादसा उस समय हुआ, जब ये लोग पटरी को पार कर रहे थे।

....................

राज्य में विभिन्न स्थानों पर प्री–मॉनसून गतिविधियां शुरू हो गयी हैं। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार 18 जून को इनमें और बढ़ोतरी होने के आसार हैं। विभाग के अनुसार आज कोटा, उदयपुर और अजमेर संभाग में कहीं–कहीं बारिश की संभावना है। इस बीच, राज्य में अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना हुआ है। कल सबसे अधिक 45 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस तापमान पिलानी में दर्ज किया गया। धौलपुर में 45 दशमलव 3, चूरू और श्रीगंगानगर में 45 दशमलव 2, भरतपुर में 45, करौली में 44 दशमलव 9, सीकर के फतेहपुर में 44 दशमलव 7, हनुमानगढ के संगरिया में 44 दशमलव 6, अलवर में

43 दशमलव 5 और बीकानेर में 43 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। वहीं राजधानी जयपुर में पारा 42 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस रहा।

....................

खनन विभाग और पुलिस प्रशासन की ओर से जोधपुर ग्रामीण के उदलियावास और मूरकासनी गांव में एक हजार 225 मीट्रिक टन अवैध बजरी का स्टॉक जब्त किया गया है। जोधपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों मामलों में आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

....................

टी–20 विश्व कप क्रिकेट में भारत और कनाडा का मैच वर्षा के कारण रद्द हो गया। अमेरिका के लाउडरहिल में कल बारिश के कारण मैच में एक भी गेंद नहीं खेली जा सकी और दोनों टीमों को एक–एक अंक मिले। प्रतियोगिता में भारत 7 अंकों के साथ अपने ग्रुप में शीर्ष पर बना हुआ है।

....................